<u>स्वच्छ आस-पड़ोस</u>

<u>एक अभियान</u>

गीला कूड़ा सुखा कूड़ा अलग-अलग
संभव हो तो गीला कूड़ा से खाद एवं खाद से बागवानी
खुले और नाले में कोई कूड़ा नहीं

अभियान के समय क्रियाकलाप

सामूहिक बैठक में गतिविधि की समय-सारणी एवं संचालन (कुल समय 10-20 मिनट)

<u>पहला 5-10 मिनट</u>

1. **स्वागत, परिचय एवं उद्देश्य :-**

   मैं .... बैठक में उपस्थित आप सभी लोगों का स्वागत करता हूँ। हमलोग पटना नगर-निगम के साथ काम करते हैं। हमसबों का लक्ष्य है कि हमारा आस-पड़ोस स्वच्छ हो। ऐसा तभी संभव है जब गीला कूड़ा, सुखा कूड़ा और खतरनाक कूड़ा अलग-अलग रखा जाय, संभव हो तो गीला कूड़ा से खाद बनायें और खाद का उपयोग बागवानी में करें तथा खुले में कूड़ा बिल्कुल ना फेकें। इसी उद्देश्य के साथ हमलोग यहाँ एकत्रित हुए हैं।

2. **पम्पलेट देना :-**

   शून्य कूड़ा से सम्बंधित पम्पलेट बैठक में उपस्थित सभी लोगों को देना है। लिफलेट दिखाते समय उन्हें बताना है कि गीला कूड़ा, सुखा कूड़ा क्या है ? कम्पोस्ट बनाने की विधि और निवासी सभा कैसे करें?, के बारे में बताएं।

3. **सवाल-जवाब गतिविधि :-**

   — प्रश्नों से भरा डब्बा खोलें।
   — किसी एक व्यक्ति को बोलें की डब्बे में से एक पर्ची निकालें और उसमें लिखे हुए सवाल को पढ़ें।
   — सवाल का उत्तर बारी-बारी से सभी लोग देंगें।
   — एक सवाल का उत्तर पूरा होने के बाद अलग-अलग लोगों से पर्चियां उठाने को बोलें।

कुछ उदाहरण :-

क्या गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा को अलग-अलग रखना आसान है?
गीला कूड़ा घर में अधिकतर कहाँ पैदा होता है?
अलग-अलग गीला-कूड़ा सूखा-कूड़ा का क्या-क्या उपयोग हो सकता है?
प्रतिदिन कूड़े वाले को कूड़ा देने में कितना समय लगता है?
"गाड़ी वाला आया घर से कचड़ा निकाल" सुबह-सुबह जब ये गाना आपको सुनाई देता है तो आप क्या करते हैं?

10 मिनट अगला

4. **कम्पोस्टिंग की गतिविधि (गीला कूड़ा का व्यवस्था करना)**

5. **सभी लोगों के हाथों में बना हुआ कम्पोस्ट देना:-**
   -कम्पोस्ट से भरा डब्बा खोलें।
   -सभी के हाथो में कम्पोस्ट देकर छूकर देखने के लिए आग्रह करना है।

अंतिम 5 मिनट

6. **समापन और धन्यवाद ज्ञापन :-**
   अपना कीमती समय देने के लिए आपसबों को धन्यवाद।
7. **समूह के साथ सेल्फी**

परिस्थितियाँ :
1.उसी समय बैठक हो पाती है
2.बैठक के लिए अन्य दिन तय किया जाता है
3.बैठक के लिए मना किया जाता है
4.आप हमें बता दीजिये हम सब को बता देंगे
5.मुख्य व्यक्ति मिलने का समय किसी दुसरे दिन का देते हैं

उसी समय बैठक होती है: अगर मुख्य व्यक्ति तात्कालिक सामूहिक बैठक करने को बोलेतो मकान के मुख्य व्यक्ति से बोलेंगे की हम आपके साथ में खुद से मौखिक रूप में सभी परिवार को आमंत्रित करना चाहेंगे और परिवार में मिलते समय प्रत्येक परिवार को शून्य कूड़ा का पम्पलेट देंगेऔर चर्चा में शामिल होने के लिए निवेदन करेंगे ।